lcl igy bl cyfVu d e[; lekpkj %&

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन करेंगे।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज पांढुर्णा में श्री हनुमान लोक का लोकार्पण किया।
- सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने बताया–प्रदेश में 7 लाख टन खाद का भंडारण पूरा; मार्कफेड की बंद इकाइयां फिर शुरू होंगी।
- मौसम विभाग ने कल यानी 27 से 29 मार्च तक प्रदेश के कई हिस्सों में आंधी और बारिश का 'येलो अलर्ट' जारी किया है।

**प्रधानमंत्री - जेवर हवाई अड्डा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को उत्तर प्रदेश के जेवर में **नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे** के पहले चरण का उद्घाटन करेंगे। इसे लगभग 11 हजार दो सौ करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया गया है। नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, भारत की सबसे बड़ी ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा परियोजनाओं में से एक है। इस हवाई अड्डे का उद्घाटन, भारत के वैश्विक विमानन केंद्र बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लिए यह हवाई अड्डा प्रवेश द्वार के रूप में काम करेगा और इससे सुगमता से विदेशों तक पहुंच सुनिश्चित होगी। इसे राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और आस-पास के क्षेत्रों के लिए इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के बाद दूसरे, महत्वपूर्ण हवाई अड्डे के रूप में विकसित किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री- पांढुर्णा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज पांढुर्णा और छिंदवाड़ा को विकास की बड़ी सौगात दी है। सौंसर में आयोजित भव्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 362 करोड़ रुपये से अधिक के 67 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन किया। इस दौरान

उन्होंने जाम सांवली में 35 करोड़ की लागत से नवनिर्मित 'श्री हनुमान लोक' का भी लोकार्पण किया, जो आध्यात्मिक चेतना का नया केंद्र बनेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में अब तक 70 हजार पदों पर नियुक्तियां की जा चुकी हैं।

मुक्यमंत्री ने  छिंदवाड़ा के पुलिस ग्राउंड में डॉ. यादव ने संबल और सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के हितग्राहियों को सिंगल क्लिक से राशि का अंतरण किया।

**नितिन गडकरी**

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने आज कहा कि सरकार ने देश भर में दुर्घटना की आशंका वाले स्थलों की पहचान की है। मंत्रालयों ने इन मार्गों पर सड़क सुरक्षा में सुधार के लिए व्यापक उपाय किए हैं। नई दिल्ली में सड़क सुरक्षा अभियान 2026 के अवसर पर अभिनेता आमिर खान से बातचीत करते हुए श्री गडकरी ने कहा कि सड़क डिजाइन और सुरक्षा में सुधार के लिए 40 हजार करोड़ रुपये से अधिक व्यय हुआ हैं। उन्होंने बताया कि लगभग 350 चिन्हित ब्लैक स्पॉट में से लगभग 280 में सुधार किया जा चुका है।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने दोहराया है कि भारत में पेट्रोलियम और एलपीजी की आपूर्ति की स्थिति पूरी तरह सुरक्षित और नियंत्रण में है। मंत्रालय ने कहा कि सभी खुदरा ईंधन दुकानों पर पर्याप्त आपूर्ति है और देश में कहीं भी पेट्रोल, डीजल या एलपीजी की कमी नहीं है। मंत्रालय ने नागरिकों से जानबूझकर फैलाई जा रही भ्रामक सूचनाओं के सुनियोजित अभियान से गुमराह न होने का अनुरोध किया है। भारत को आज दुनिया भर के 41 से अधिक आपूर्तिकर्ताओं से कच्चा तेल प्राप्त हो रहा है। मंत्रालय ने कहा कि प्रत्येक भारतीय रिफाइनरी 100 प्रतिशत से अधिक क्षमता पर चल रही है। भारत के पास कुल 74 दिनों की आरक्षित क्षमता है और वर्तमान में वास्तविक स्टॉक लगभग 60 दिनों का है।

मुख्यमंत्री- उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज उज्जैन में क्षिप्रा नदी पर बन रहे नए घाटों का निरीक्षण किया। आगामी सिंहस्थ महापर्व-2028 की तैयारियों का जायजा लेते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की सुविधाओं में कोई कमी न रखी जाए। डॉ. यादव ने श्री अंगारेश्वर और सिद्धवट के बीच निर्माणाधीन पुल और घाटों का

अवलोकन करते हुए, वहाँ महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम, प्रसाधन केंद्र और सुगम पहुँच मार्ग बनाने के सख्त निर्देश दिए।

समीक्षा

सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने आज राज्य सहकारी विपणन संघ यानी मार्कफेड की उच्च स्तरीय समीक्षा की। मंत्री श्री सारंग ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मार्कफेड को आत्मनिर्भर बनाने के लिए बंद पड़ी औद्योगिक इकाइयों को पुनर्जीवित किया जाए और संपत्तियों की डिजिटल मैपिंग की जाए। उन्होंने बताया कि इस वर्ष प्रदेश में 10 लाख 80 हजार मीट्रिक टन खाद वितरण का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें से करीब 7 लाख टन का भंडारण पूरा हो चुका है। मंत्री ने स्पष्ट किया कि किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

भूमि-पूजन

महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने आज झाबुआ के पेटलावद क्षेत्र में दो बड़ी सिंचाई परियोजनाओं का भूमि-पूजन किया। मंत्री सुश्री भूरिया ने करीब सवा आठ करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले 'कानाकुआं तालाब' और 'रामगढ़ बैराज' निर्माण कार्यों की आधारशिला रखी। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से क्षेत्र की लगभग 390 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी, जिससे स्थानीय किसानों की आय और फसलों की उत्पादकता में वृद्धि होगी।

समाधान योजना

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत देते हुए 'समाधान योजना' की अवधि 31 मार्च तक बढ़ने के निर्देश दिए है। मंत्री श्री तोमर ने बताया कि अब तक 25 लाख से अधिक उपभोक्ता इस योजना का लाभ उठा चुके हैं और कुल 420 करोड़ रुपये का सरचार्ज माफ किया गया है। योजना के तहत तीन माह से अधिक के बकायादार उपभोक्ता यदि एकमुश्त राशि जमा करते हैं, तो उन्हें सरचार्ज में 90 प्रतिशत तक की भारी छूट मिलेगी।

प्रवेश नवीनीकरण

उच्च शिक्षा विभाग ने स्नातक और स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों को प्रवेश नवीनीकरण का एक और विशेष अवसर दिया है। पूरक परीक्षा परिणामों के कारण वंचित रहे छात्र अब 28 मार्च 2026 तक अपना एडमिशन रिन्यूअल करा सकेंगे। यह सुविधा स्नातक द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ वर्ष के साथ ही स्नातकोत्तर तृतीय सेमेस्टर के परीक्षार्थियों के लिए उपलब्ध है। उच्च शिक्षा विभाग ने सभी शासकीय और निजी कॉलेजों के प्राचार्यों को निर्देश दिए हैं कि वे पात्र विद्यार्थियों का चिन्हांकन कर समय-सीमा में शुल्क जमा कराना सुनिश्चित करें।

स्पेशल ट्रेन

गर्मी की छुट्टियों में भीड़ को देखते हुए रेल प्रशासन ने दुर्ग और हरिद्वार के बीच साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह गाड़ी 19 अप्रैल से 29 जून तक के लिए चलेगी, जो अनूपपुर, शहडोल और उमरिया स्टेशनों से होकर गुजरेगी। गाड़ी प्रत्येक रविवार को दुर्ग से रवाना होगी, वहीं वापसी में प्रत्येक सोमवार को हरिद्वार से चलेगी। 18 कोच वाली इस विशेष ट्रेन में स्लीपर और एसी के साथ जनरल कोच की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी।

मौसम

प्रदेश में भीषण गर्मी के बीच एक बार फिर मौसम करवट लेने वाला है। मौसम विभाग ने कल यानी 27 से 29 मार्च तक प्रदेश के कई हिस्सों में आंधी और बारिश का 'येलो अलर्ट' जारी किया है। इसका मुख्य असर उज्जैन, ग्वालियर और सागर संभाग में देखने को मिलेगा। बीते 24 घंटों में नर्मदापुरम 38.8 डिग्री के साथ सबसे गर्म रहा, लेकिन अब पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से तापमान में आंशिक गिरावट की संभावना है।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में :-**

- केंद्रीय मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर और अन्य जनप्रतिनिधियों ने पीथमपुर से रेल इंजन में बैठ कर धार तक रेलवे ट्रैक का किया निरीक्षण।
- दतिया में 28 मार्च को आयोजित होने वाले मेगा विधिक सहायता शिविर की तैयारियों के सबंध मे आज बैठक आयोजित की गई।
- मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग अध्यक्ष डॉ अवधेश प्रताप सिंह ने आज देवास में जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ मानव अधिकारों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की

- कटनी कलेक्टर ने 1 अप्रैल से 30 जून तक  जिले को पेयजल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित करते हुए जगह–जगह प्याऊ खोलने के लिए निर्देश दिये।
- जबलपुर के जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय में किसानों को अग्रणी अनुसंधान संस्थानों और इकाइयों का भ्रमण कराया गया।
- शिवपुरी में आज चैत्र नवरात्र में अष्टमी के दिन राजराजेश्वरी माता मंदिर और केला माता मंदिर में मेले का आयोजन किया गया ।
- बैतूल में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम पांडरा में मंदिर परिसर एवं हैंडपंप के आसपास स्वच्छता एवं जल संरक्षण से संबंधित कार्य किए गए।